(च) : यह प्रश्न नहीं उठता ।

उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने की योजना

6847. **श्री संघ प्रिय गौतम :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आठवीं पंचवर्षीय योजना में कौन-कौन सी कार्य योजनाएं शामिल की गयी हैं और इस प्रयोजनार्थ कितनी धन-राशि उपलब्ध कराई गई है ;

(ख) उसका जिलावार ब्यौरा क्या है ;

(ग) सरकार को प्रतिवर्ष राज्य में आने वाले विदेशी पर्यटकों से कितनी विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है ; और

(घ) इस प्रयोजन के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं का ब्यौरा क्या है और किन-किन स्थानों पर यह सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) भारत सरकार ने सम्पूर्ण भारत में पर्यटन का संवर्धन और विकास करने के उद्देश्य से वर्ष 1992 में एक राष्ट्रीय कार्य योजना बनाई थी। उत्तर प्रदेश राज्य सहित पूरा देश इस कार्य योजना में शामिल किया गया हैं । तथापि, केन्द्रीय पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त पूर्ण और उपयुक्त प्रस्तावों के आधार पर आठवीं पंचवर्षीय योजना के पहले तीन वर्षों के दौरान 416.44 लाख लाख रु० की अनुमानित लागत की 30 परियोजनाएं/स्कीमें स्वीकृत की हैं ।

(ग) पर्यटन से राज्य-वार अर्जित आय का मूल्यांकन करने की कोई प्रणाली नहीं है क्योंकि पर्यटकों से होने वाली आय सेवाएं प्रदान करने वाले प्राप्त करते हैं जो कि प्राय: निजी क्षेत्र के होते हैं । तथापि पर्यटन से वर्ष 1994-95 के दौरान विदेशी मुद्रा आय का अनन्तिम अनुमान 7365.61 करोड़ रु० है।

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम तीन वर्षों के दौरान प्रदान की गई पर्यटन सुविधाओं का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

उत्तर प्रदेश राज्य के लिये स्वीकृत आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान परियोजना/स्कीमें

क्रम सं०	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशी (रु० लाखों में)
	1992-93	
1.	नन्दप्रयाग में तम्बुओं में आवास का निर्माण	6.38
2.	निम्न पर नोडल केन्द्रों का निर्माण	
	(1) अगस्त मुनि (स्थान चांदनगर में शिफ्ट कर दिया गया है)	10.36
	(2) हेलांग (स्थान विराही मे शिफ्ट कर दिया गया है)	10.41

क्र०सं०	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (रु० लाखों में)
3.	हरिद्वार में जन सुविधाओं सहित यात्री शैड	20.68
4.	वृन्दावन में काशीवाट का सुधार	18.00
5.	फतेहपुर सीकरी की प्रकाश-पुंज व्यवस्था	15.15
6.	वृन्दावन में तम्बुओं में आवास	10.00
7.	ताज महोत्सव	5.36
8.	नांदवाट उत्सव	1.00
	1993-94	
1.	मुरादनगर में मार्गस्थ सुख-सुविधाएं	8.35
2.	फरेंदा में मार्गस्थ सुख-सुविधाएं	8.27
3.	शाहगंज में मार्गस्थ सुख-सुविधाएं	8.28
4.	सरधना में पर्यटक लाज (मेरठ जिला)	13.48
5.	कांडला में पर्यटक लाज	10.07
6.	बटेश्वर में पर्यटक लाज	13.59
7.	बटेश्वर में घाटों का सुधार	20.00
8.	ऋषिकेश में त्रिवेणी घाट	23.97
9.	जश्ने - अवध	4.70
10.	अकबर उत्सव	2.88
11.	नोएडा में गोल्फ कोर्स	37.45
	1994-95	
1.	सारनाथ में पर्यटक स्वागत केन्द्र	28.24
2.	सारनाथ में मनन केन्द्र	64.71
3.	पौखण्डी स्तूप के इर्द - गिर्द विकास	3.40
4.	वाराणसी घाटो पर स्मारकों की प्रकाश-पुंज व्यवस्था	16.50
5.	श्रावस्ती में रेस्तरां और प्रतीक्षा हाल	12.26
6.	कुशीनगर में रेस्तरां और प्रतीक्षा हाल	12.25
7.	पलिया में रेस्तरां और प्रतीक्षा हाल	12.26
8.	मेलों और उत्सवों का प्रचार	
	(1) ताज महोत्सव	5.00
	(2) अवध उत्सव, लखनऊ	2.34
	(3) प्रचार साहित्य का मुद्रण	11.10
	जोड़	416.44